# बाल विकास कोर **AA** डिग्री कार्य**Ø**म (**CHILD DEVELOPMENT CORPS AA DEGREE PROGRAM**) – **FAQ's** (प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न)

बाल विकास कोर AA डिग्री कार्यक्रम (**The Child Development Corps AA Degree Program**) बहुत छोटे बच्चों के अध्यापकों और सेवा प्रदानकर्ताओं को बढ़िया प्रारम्भिक देखभाल और शिक्षा को उत्पन्न करने और इसे बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशलों और ज्ञान का विकास करने के लिए प्रोत्साहित करने और सहायता करने के लिए तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम में उन लोगों को प्रोत्साहन और सहायता प्रदान की जाती है, जो प्रारम्भिक देखभाल और शिक्षा (ECE) में AA डिग्री लेने या ECE में अपना मुख्य प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सामुदायिक कॉलेज में दाखिल हो रहे हैं। कोर AA डिग्री कार्यक्रम (**Corps AA Degree Program**) में आपको एक शिक्षा योजना तैयार करने और अपनी डिग्री प्राप्त करने के लिए आपको वैयक्तिक सहायता प्रदान करने की पेशकश की जाएगी। कार्यक्रम में अपेक्षाओं को पूरा करने और कक्षाओं में भाग लेने के लिए वज़ीफा दिया जाएगा और यह वर्तमान में **Chabot College, Las Positas College, Merritt College** और **Ohlone College** में उपलब्ध है।

AA डिग्री कार्यक्रम के बारे में प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न नीचे दिए गए हैं। विशिष्ट कार्यक्रम अपेक्षाओं, दिशानिर्देशों और सम्पर्क सूचना के लिए *'बाल विकास कोर में सम्मिलित होना'* पर्चा या कोर AA डिग्री कार्यक्रम पुस्तिका देखें।

**प्रश्न** मैं नए आवेदक के रूप में आवेदन करूँ या वापस लौटने वाले आवेदक के रूप में?

**उत्तर** कोर AA डिग्री कार्यक्रम एक नया कार्यक्रम है। **हर किसी** को नए कार्यक्रम में पहली बार भाग लेने पर एक नए आवेदक के रूप में आवेदन करना होगा – चाहे आपने पहले कोई कोर वज़ीफा प्राप्त किया हो।

---

**प्रश्न** मैं पहले ही कॉलेज की कक्षाओं में भाग ले रहा हूँ। क्या मैं इसके बावजूद **AA** डिग्री कार्य**Ø**म में भाग ले सकता हूँ?

**उत्तर** **हाँ**। आप किसी भी समय कोर AA डिग्री कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं, चाहे आपकी कोई इकाइयाँ (units) नहीं हैं या स्नातक (ग्रेजुएट) बनने के लिए आपको कुछ और इकाइयों की ही ज़रूरत हैं, बशर्ते आप पात्रता और नामांकन की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

---

**प्रश्न** मेरे पास **6** से कम **ECE** इकाइयाँ हैं। क्या मैं कार्य**Ø**म में सम्मिलित हो सकता हूँ?

**उत्तर** **हाँ**। आप कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं, चाहे आपके पास अभी कोई इकाइयाँ न हों।

---

**प्रश्न** मेरे पास मान्य बाल विकास परमिट (**CHILD DEVELOPMENT PERMIT**) नहीं है। क्या मुझे इसकी ज़रूरत है?

**उत्तर** अगर आपके पास 6 या इससे अधिक ECE इकाइयाँ हैं, तो आपके पास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए परमिट अवश्य होना चाहिए। अगर आपके पास कम से कम 6 ECE इकाइयाँ नहीं हैं, तो आपको कार्यक्रम में भाग लेने के लिए परमिट की आवश्यकता नहीं है।

---

**प्रश्न** मैंने अपने बाल विकास परमिट के लिए आवेदन किया है पर यह अभी मेरे पास नहीं है। क्या मैं सम्मिलित हो सकता हूँ?

**उत्तर** **नहीं**। आपके पास मान्य, स्थायी बाल विकास परमिट होना चाहिए। यह सत्यापन स्वीकार नहीं किया जाएगा कि आपने परमिट के लिए आवेदन किया है या कोई अस्थायी परमिट स्वीकार नहीं किया जाएगा।

---

**प्रश्न** मैंने पहले ही अपने कॉलेज निर्धारण और **GE** अपेक्षाओं को पूरा कर लिया है। क्या मुझे इन्हें दोहराना है?

**उत्तर** **नहीं**। अगर आपने पहले ही कोई नामांकन अपेक्षा पूरी कर ली है, तो आपको अपने कॉलेज में ECE व्यावसायिक विकास समन्वयक (**ECE Professional Development Coordinator**) को सत्यापन भेजना काफी है। अगर आप यह सोचते हैं कि आपने कोई अपेक्षा पूरी कर ली है पर आपके पास विद्यार्थी शिक्षा योजना (Student Education Plan) नहीं है, तो आपको ऐसी योजना प्राप्त करने के लिए कॉलेज के परामर्शदाता से मिलना होगा, जो यह दर्शाता हो कि आपने अपेक्षाएँ पूरी कर ली हैं।

**प्रश्न क्या मैं किसी ऐसे कॉलेज में भाग ले सकता हूँ, जो कोर की सूची में मौजूद न हो?**

**उत्तर** कोर AA डिग्री कार्यक्रम की वर्तमान में केवेल **Chabot, Las Positas, Merritt,** और **Ohlone** कॉलेजों में पेशकश की जाती है। आपको विद्यार्थी शिक्षा और ECE व्यावसायिक विकास योजनाओं (**Student Education and ECE Professional Development Plans)** को पूरा करना होगा और इन कॉलेजों में से किसी एक में विद्यार्थी के रूप में नामांकन करवाना होगा। अगर आपकी विद्यार्थी शिक्षा या व्यावसायिक विकास योजना (**Student Education or Professional Development Plan**) में इस बात की अनुमति दी जाती है कि आप किसी अन्य कॉलेज में कक्षा में भाग लें, तो कोर की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उस कक्षा के लिए इकाइयाँ चार कॉलेजों में से किसी एक कॉलेज में स्थानान्तरित करनी होंगी। वज़ीफे तब तक मंजूर और जारी नहीं किए जाएँगे, जब तक सभी अपेक्षाएँ पूरी न हो जाएँ और इकाइयाँ चार कॉलेजों में से किसी एक में स्थानान्तरित न कर दी जाएँ।

---

**प्रश्न मेरे पास पहले ही एक ECE डिग्री है, पर मैं अतिरिक्त ECE कक्षाओं में भाग लेना चाहता हूँ। क्या मैं सम्मिलित हो सकता हूँ? I**

**उत्तर नहीं**। कोर AA डिग्री कार्यक्रम केवल उन विद्यार्थियों के लिए है, जो किसी AA डिग्री या ECE में समकक्ष के लिए काम कर रहे हैं।

---

**प्रश्न मेरे पास एक कॉलेज डिग्री है, पर यह ECE में नहीं है। क्या मैं AA डिग्री कार्यØम के लिए पात्र हूँ?**

**उत्तर हाँ**। अगर आपके पास किसी *असम्बन्धित क्षेत्र* में एक डिग्री है और 32 से कम ECE इकाइयाँ हैं, तो आप कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पात्र हो सकते हैं। अगर आपके पास किसी सम्बन्धित क्षेत्र में डिग्री है, तो आप कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं हैं। सम्बन्धित क्षेत्र *मानव विकास, बाल विकास, गृह अर्थशास्त्र, परिवार विज्ञान* (***Human Development, Child Development, Home Economics, Family Science)*** हैं और इनमें अन्य सम्मिलित हो सकते हैं। अपने आलेखों की समीक्षा के लिए एक PDC से मिलें।

---

**प्रश्न मेरे पास किसी अन्य देश से कॉलेज डिग्री है। क्या मैं सम्मिलित हो सकता हूँ?**

**उत्तर हाँ**। अगर आपके पास किसी ऐसे देश से डिग्री है जिसका किसी *असम्बन्धित क्षेत्र* में अमरीकी समकक्षता के लिए मूल्याँकन किया गया है और आपके पास 32 से कम इकाइयाँ हैं, तो आप कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पात्र हो सकते हैं। अगर आपके पास किसी *सम्बन्धित क्षेत्र* में डिग्री है, तो आप कार्यक्रम के लिए पात्र नहीं हैं। सम्बन्धित क्षेत्र *मानव विकास, बाल विकास, गृह अर्थशास्त्र, परिवार विज्ञान* हैं और इनमें अन्य सम्मिलित हो सकते हैं। आप तब भी पात्र हो सकते हैं, जब आपने अमरीकी सामान्य शिक्षा अंग्रेज़ी पाठ्यक्रमों को पास नहीं किया है। अगर आपको अपने आलेख का मूल्याँकन करवाने की ज़रूरत हो, तो अपनी स्थानीय संसाधन और रैफरल एजेंसी से सम्पर्क करें और इसके बाद अपने आलेखों की समीक्षा करवाने के लिए एक PDC से मिलें।

---

**प्रश्न मैं चार कॉलेजों में से एक में स्कूल जा रहा हूँ, पर मैं किसी अन्य काउंटी में काम करता हूँ। क्या में सम्मिलित होने के लिए पात्र हूँ?**

**उत्तर नहीं**। आपको कार्यक्रम में पात्र होने के लिए एलामेडा काउंटी में काम करना होगा।

---

**प्रश्न मैं सप्ताह में कुल 15 घंटे दो भिन्न कार्यØमों में काम करता हूँ। क्या मैं सम्मिलित हो सकता हूँ?**

**उत्तर नहीं**। आपको पात्रता को पूरा करने के लिए एक ही कार्यक्रम में कम से कम 15 घंटे काम करना होगा। अगर आप एक ही कार्यक्रम के *भीतर* दो भिन्न कक्षाओं में काम करते हैं, तो आप भाग लेने के पात्र हो सकते हैं।

---

**प्रश्न मैंने AA डिग्री के लिए सारी अपेक्षाएँ पूरी कर ली हैं पर कोर में नामांकन नहीं करवाया है। क्या मैं उपलब्धि वज़ीफे के लिए पात्र हूँ?**

**उत्तर नहीं**। आपको उपलब्धि वज़ीफा प्राप्त करने के लिए कम से कम एक कार्यक्रम वर्ष के लिए कोर AA डिग्री कार्यक्रम में नामांकन करवाना होगा और उसमें भाग लेना होगा। अगर आपने पहले ही अपनी शिक्षा अपेक्षाएँ पूरी कर ली हैं, तो आप कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो सकते।

---